हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 12 अक्टूबर, 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



## खबर संक्षेप



### प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

**दुर्ग।** लोक शिक्षण संचालनालय छग से प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुसार जिले के समस्त प्राचार्यों की बैठक आहूत की गई। बैठक में संचालक द्वारा दिए गए निर्देशानुसार शिक्षा गुणवत्ता, परख, अपार आईडी एवं यूडीआईएसई प्रविष्टि के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। जिले द्वारा शिक्षा गुणवत्ता के लिए तैयार की गई। कार्ययोजना को साझा करते हुए प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी प्राचार्यों ने कार्ययोजना अनुसार कार्य कर परीक्षा परिणाम को बेहतर करने का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि शिक्षा गुणवत्ता के परिप्रेक्ष्य में किसी भी प्राचार्य एवं शिक्षक की अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता सुधार एवं बेहतर परिणाम के लिए जिले से विभिन्न मॉनिटरिंग दलों का गठन कर नियमित प्रभावी मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।

### आयुष विभाग ने शुरू की जागरुकता मुहिम

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना वर्ष पर आयुष विभाग द्वारा 17 अक्टूबर तक 8 दिवसीय विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला चिकित्सालय में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जिला स्तरीय योगाभ्यास किया गया। इसी क्रम में स्कूली बच्चों को औषधीय गार्डन भ्रमण कराया गया। 12 अक्टूबर को गुजराती भवन लुचकी पारा में जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर, 13 को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जिला स्तरीय योगाभ्यास, 14 को चयनित विजेताओं की राज्य स्तरीय योग नृत्य स्पर्धा का आयोजन, 15 को हर दिन हर घर आयुर्वेद विषय पर कालेज, विवि स्तर पर संगोष्ठी कार्यक्रम, 16 अक्टूबर को शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के माता पिता एवं रिश्तेदारों का सियान जतन कार्यक्रम के तहत प्रकृति परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### शहर के लगभग सभी वार्डों में अब भी खटालों का अवैध रूप से संचालन

# शहर में बिना वैध अनुमति के चल रहे खटाल इधर गोकुल नगर में शिफ्ट करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर में शिवपारा, मठपारा, मोहनगर, आर्य नगर, बोरसी, कादम्बरी नगर, सिकोलाबस्ती, दीपक नगर, कसारीडीह, पद्मनाभपुर जैसे कई इलाके में अवैध तरीके से खटाल चल रहे हैं। इन खटाल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर अब तक खानापूर्ति होते रही है। निगम प्रशासन ने इसके लिए कई बार शहर की जांच कराई। जांच कर रिपोर्टर तैयार की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

अब पुनः खटाल संचालकों को गोकुलनगर शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। विस्थापन के अंतर्गत उन्हें गोकुलनगर में भूखंड दिया जाएगा। इसे लेकर निगम ने निविदा निकाली है। करीब 36 भूखंडों का आवंटन किया जाना है। इसमें 2400,1800, 1500 और 1000 वर्गफुट के भूखंड शामिल हैं। बता दें कि 2014 में गोकुल नगर को बसाया गया। जहां आज भी मूलभूत सुविधाएं नहीं है, जिस वजह से खटाल संचालक जाने से कतराते रहे हैं। एक बार फिर निगम ने खटालों को विस्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की है। बता दें कि वे लोग जिन्हें निगम ने गोकुल नगर में जगह आवंटित की गई है। वे वहां जगह लेने के बाद भी शहर के अंदर में खटाल चला रहे हैं। ऐसे लोगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके अलावा जो अवैध तरीके से बिना परमिशन के खटाल चला रहे है, उन्हें लेकर भी गंभीरता नहीं दिखाई गई है। इसकी वजह से शहर में हर समय संक्रामक बीमारी का खतरा बना रहता है। उठती बदबू से आसपास के रहवासी परेशान हैं। उनके द्वारा लगातार शिकायत भी की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं किया गया है।

## निगम ने 36 भूखंडों के आवंटन की निविदा निकाली



### निगम ने नहीं दिया लाइसेंस फिर भी हो रहा संचालन

जानकारी के मुताबिक 40 से अधिक डेयरियां बिना लाइसेंस के चल रही हैं। निगम प्रशासन का कहना है कि किसी भी खटाल संचालकों को लाइसेंस नहीं दिया है। खटाल की वजह से किसी को परेशानी न हो इसकी व्यवस्था करें। नजूल या निगम की भूमि में बेजा कब्जा करने वाले खटाल संचालकों की संख्या ज्यादा है। स्कूल, हॉस्पिटल एवं घनी बस्ती के आसपास भी खटाल संचालित हो रहे हैं।बस्ती के भीतर खटाल चलाने वालों के खिलाफ कई बार शिकायत हो चुकी है। जनदर्शन में भी शिकायत हुई है। इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है। बड़ी संख्या में खटाल चल रहे हैं।

### संचालकों को निगम के नोटिस का असर नहीं

बता दें कि निगम ने पिछले दिनों खटाल संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया था। इस दौरान नोटिस भी जारी किया गया, बावजूद इसके खटालों का संचालन हो रहा है। सार्वजनिक जगहों पर मवेशियों को बंधे आसानी से देखा जा रहा है। निगम चाह कर भी उन्हें अब तक नहीं हटा पाया है। उन्हें विस्थापित करने के लिए पुनः प्रयास शुरू किया गया है, लेकिन समस्या तस के तस बनी हुई है। शहर के लगभग सभी वार्डों में खटाल की समस्या है। स्थानीय पार्षदों द्वारा इसे लेकर शिकायत भी की जा रही है। बावजूद निगम प्रशासन ने अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया है।

### खटालों से निकलने वाली गंदगी नालियों में फेंकी जा रही

बता दें कि शहर में संचालित अधिकांश खटालों से निकलने वाली गंदगी को नालियों में बहाया जा रहा है। ऐसी लापरवाही महापौर अल्का बाघमार ने स्वयं पकड़ी। उन्होंने जुर्माना लगाने के भी निर्देश दिए। बावजूद इसके यह समस्या बनी हुई है। पिछले दिनों निगम ने खटाल संचालकों की बैठक ली। उन्हें गोकुल नगर शिफ्ट किए जाने और भूखंड आवंटन को लेकर जानकारी दी। टेंडर प्रक्रिया की गई। आवेदन मंगाए गए। 10 अक्टूबर तक आवेदन जमा लिए गए हैं। इस दौरान 36 भूखंडों का आवंटन किया जाना है। लंबे समय से ये भूखंड खाली हैं। पहले भी इन भूखंडों की नीलामी प्रक्रिया की गई, लेकिन संचालकों ने रूचि नहीं दिखाई। एक बार फिर निगम ने इसे लेकर खटाल संचालकों को विस्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की है।

# युवा कांग्रेस ने फूंका गृहमंत्री का पुतला पुलिस के साथ हुई झूमाझपटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कवर्धा में प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल टिकरिया द्वारा अपने समर्थकों से युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों के साथ की गई अभद्रता एवं मारपीट की घटना का दुर्ग युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध किया है। शहर अध्यक्ष आयुष शर्मा एवं दुर्ग ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयंत देशमुख के संयुक्त नेतृत्व में महाराजा चौक में प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था बावजूद इसके, युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण लेकिन प्रखर विरोध दर्ज कराया।

कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि यह घटना छत्तीसगढ़ के लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक सीधा हमला है। युवा कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने में लगी है। विपक्ष की आवाज़ को दबाने का प्रयास लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार है। युवा कांग्रेसियों ने कहा कवर्धा में शांतिपूर्ण विरोध



कर रहे युवा कांग्रेसियों और पत्रकारों के साथ की गई मारपीट यह साबित करती है कि भाजपा सरकार लोकतंत्र नहीं बल्कि डर का माहौल बनाना चाहती है।

उन्होंने मांग की कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह से लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन न कर सके। इस अवसर पर अनूप वर्मा, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, वरुण केवलतानी, पंकज सिंह, विकास साहू, रामा वर्मा, दीपांकर साहू, अमोल जैन, यश बाकलीवाल, विक्रांत वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# चरोदा निगम के मंगल भवनों का होगा ठेका, अवैध कॉलोनियां होंगी नियमित

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में महापौर परिषद की बैठक हुई। जिसमें सभी अवैध कालोनियों को नियमित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में 17 बिनंदुओ पर चर्चा की गई। जिसमें निगम द्वारा निर्मित मुख्यमंत्री पालिका बाजार की दुकानों को नीलामी की प्रक्रियॉ कुछ दिनों पूर्व की गई। नीलामी में उच्चतम बोलो दाता द्वारा लगाई गई बोली राशि की स्वीकृति करने महापौर परिषद के समक्ष रखा गया। विश्व बैंक आवासीय कालोनी सेक्टर 3 के विगत दिनो नीलाम किये गये भूखंडो की दर (राशि) स्वीकृति भी बैठक में की गई। महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि वाल्मिकी आवास ,अम्बेडकर आवास,बजरंग पारा में स्थित आवास के आबंटन के लिए प्राप्त आवेदनों पर आरक्षण नियम



का पालन करते हुए कार्यवाही किये जाने की स्वीकृति भी एमआईसी द्वारा प्रदान की गई। भिलाई चरोदा निगम महापौर परिषद द्वारा बैठक में मंगल भवन मंगल भिलाई तीन, मंगल भवन चरोदा अम्बेडकर भवन भिलाई 3 समेत एक अन्य सामुदायिक मंगल भवन को ठेका पद्धति से संचालित किये जाने ओपन टेंडर होगा। बैठक में उक्त बिंदुओं के अलावा निगम क्षेत्र के विभिन्न आवासीय व्यवसायिक आवास सह व्यवसायिक भूखंडो जैसे विश्व बैंक कालोनी, बजरंग पारा भिलाई तीन, निहारिका परिसर ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज के रिक्त भूखंडो को वर्तमान गाईड लाइन दर अनुसार विक्रिय करने का निर्णय पारित किया गया है। बैठक में महापौर निर्मल कोसरे, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, मनोज कुमार, एम जानी, एस वेंकट रमना, दीप्ती वर्मा , देव कुमारी भलावी, संतोषी निषाद व निगम आयुक्त डीएस राजपूत, सचिव अश्वनी चन्द्राकर, रवि सिन्हा आदि मौजूद थे।

### सक्रियता और संवेदनशीलता ही विधिक सहायता की सफलता का आधार

**दुर्ग।** पैरालीगल वॉलेंटियर्स की बैठक जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा पैरालीगल वॉलेंटियर्स को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे नालसा आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विधिक सेवाएं योजना 2010, नालसा तस्करी एवं वाणिजिक यौन शोषण के संबंध में विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए योजना 2015, नालसा मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 आदि के लिए प्रेरित किया।

### भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प पूर्ण करने में जनमानस की भूमिका अहम : सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंग देव शनिवार को दुर्ग जिले के प्रवास पर थे। उन्होंने बी जे पी



- भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से अग्रसर है। हाल के ऐतिहासिक जीएसटी क्रांति और उससे पहले आयकर की दरों में ऐतिहासिक छूट देकर, सभी तरह के कर कानूनों का सरलीकरण कर विकसित भारत की राह को प्रशस्त किया है। यह अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से प्रारम्भ हुआ है। 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी की जयंती तक यह चलेगा। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 1941 करोड़ रूपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 23622 करोड़ रुपए हो गया है। आज हमारे देश ने विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट अप इको सिस्टम के रूप में स्थापित कर लिया है। 17 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। लोगों में जीएसटी 2.0 और स्वदेशी उत्पादों को लेकर विशेष उत्साह है। वर्तमान में भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। छत्तीसगढ़ की जीएसडीपी भी पांच वर्ष में दुगना कर उसे 10 लाख करोड़ करने का लक्ष्य लेकर हम कार्या कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व केबीनेट मंत्री रमशीला साहू, प्रदेश प्रवक्ता केएस चौहन, जिला संयोजक दिलीप साहू, विजय जायसवाल, राजा महोबिया उपस्थित रहे।

### छठ पर्व के मद्देनज़र तालाबों की हो सफ़ाई : भोजराज

**भिलाई।** आगामी छठ पर्व को



ध्यान में रखते हुए नपानि भिलाई द्वारा शहर के सभी प्रमुख तालाबों की व्यापक सफ़ाई का कार्य प्रारंभ किया जाए। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष भोजराज भोजू ने नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए घाटों की सफ़ाई, समतलीकरण तथा प्रकाश व्यवस्था के कार्यों को शीघ्र और प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जाए। भोजराज भोजू ने कहा कि छठ पर्व आस्था, अनुशासन और स्वच्छता का पर्व है।

# दुर्ग-ब्रह्मपुर ट्रेन की मांग का मुद्दा सीएम साय के सामने उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग से ब्रह्मपुर तक नई ट्रेन चलाने की मांग को लेकर आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष के उमाशंकर राव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर गौर करते हुए एक पत्र के माध्यम से केंद्र सरकार के सामने उनकी समस्याओं को रखने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में सलाहकार वी सूर्यनारायण, कार्यसमिति के सदस्य



के आनंद राव, डी शंकरराव और के जानकी रामय्या शामिल थे। उमाशंकर राव ने कहा कि ब्रह्मपुर से उधना अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन स्वागत योग्य कदम है, लेकिन इससे दुर्ग-भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याएं खत्म नहीं होतीं। हफ्ते में एक दिन चलने तथा पावर हाउस में स्टॉपेज न होने से आंध्र-उत्कल वासियों को इस ट्रेन से विशेष लाभ होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि दुर्ग से ब्रह्मपुर एक दैनिक ट्रेन चले, ताकि यहां के निवासियों को सफर में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि यहां पिछले छह दशकों से बड़ी तादाद में बसने वालों की वाजिब मांग को रेल प्रशासन अनदेखा कर रहा है। जिसके कारण दुर्ग से ब्रह्मपुर की यात्रा कष्टदायक हो रही है।

# कोल केमिकल विभाग में सुरक्षा पदयात्रा

**भिलाई।** बीएसपी के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में सुरक्षा पदयात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा सीजीएम तुलाराम बेहरा थे इस अवसर पर विभाग के नियमित कर्मचारी एवं ठेका कर्मियों ने भागीदारी की। वर्क्स बिल्डिंग-4 से हुई, जो कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के विभिन्न प्रमुख परिचालन क्षेत्रों से होकर गुज़री।

**NAME CHANGE**

I Sushil Kumar Samuel, Father Shri Daniel Samuel, Age 74 year old, Religious Christian, Resident- Street-4, Quarter No. 4A, Hospital Sector, Bhilai, Tahsil & Dist.-Durg (C.G.).

In my educational documents such as certificate my name is Sushil Kumar Daniel and my name in Document such as Pan Card, Aadhar Card is Sushil Kumar Samuel. Both these names belong to me i.e. Sushil Kumar Samuel.

For which I have executed an affidavit to Honorable Public Notary Durg (C.G.) Dated 10.10.2025. From now on I should be known as Sushil Kumar Samuel.

**Sushil Kumar Samuel**

**नाम परिवर्तन**

मैं सुशील कुमार सेमुएल, आत्मज श्री डेनियल सेमुएल, आयु 74 वर्ष, धर्म ईसाई, निवासी- सड़क 4, क्वाटर नं. 4ए, हॉस्पिटल सेक्टर, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूं। मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों जैसे कि प्रमाण पत्र में मेरा नाम सुशील कुमार डेनियल है एवं मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम सुशील कुमार सेमुएल है। यह दोनों नाम मेरे अर्थात सुशील कुमार सेमुएल के ही है।

जिसके लिए मैंने दिनांक 10.10.2025 को शपथ पत्र श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग (छ.ग.) के समक्ष निष्पादित किया है।

अब से मुझे सुशील कुमार सेमुएल नाम से जाना जाए।

**सुशील कुमार सेमुएल**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रिसाली, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना-पत्र**

क्रमांक Q रा.नि. 2023, रिसाली दिनांक : 10/10/025

आवेदक जयदीप सिंह/स्व. आर. बी. सिंह सीमावर्ती भूमिस्वामी....................

विषय- सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत्।

ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 रा.नि.म. रिसाली तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 661/11 रकबा 0.040 हे. न्यायालय में सीमांकन बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

माननीय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 1765 वाचक/ना. तह. 2022/दुर्ग, दिनांक 18/9/025 के परिपालन में दिनांक 16/10/025 को 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन, स्थल जांच किया जाना है, अतः दस्तावेज रजिस्ट्री बयनामा लेआऊट सहित नियत समय पर उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
रिसाली
तह. व जिला-दुर्ग

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में लेटेस्ट डिजाइन के गहनों के साथ आकर्षक उपहार

**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 बी प्रिया श्रृंगार सदन के सामने स्थित ओम ज्वेलर्स अपने भव्य शोरूम के लिए जाना जाता है, जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। वहीं पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दीवाली त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई



डिजाइनों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट) 833 (20कैरेट ) एवं 750 (18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा। पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

### परिजनों को मिली 12 लाख की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पतोरा थाना उतई तहसील व जिला दुर्ग निवासी मानस साहू की विगत 8 मई को नहाते वक्त तालाब में डूब जाने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार ग्राम सिल्ली तहसील धमधा जिला दुर्ग निवासी ओंकार लोधी की विगत 10 फरवरी 2024 को नहाते वक्त नदी में डूब जाने से मृत्यु हो गयी थी। ग्राम सिकोला तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी कमल बंजारे की विगत 20 जुलाई 2024 को नहाते वक्त बांध में डूब जाने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व मानस साहू के पिता अनूप कुमार साहू को, स्व ओंकार लोधी की पत्नी बेना बाई पटेल एवं स्व कमल बंजारे की पत्नी किसन बाई को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।






तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 12 अक्टूबर, 2025




04 अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है विजयादशमी का पर्व : विधायक ललित





न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


प्रेम प्रसंग के चलते लगातार युवती को परेशान करने के कारण आरोपी ने रची थी साजिश

# पॉलीग्राफ और नार्को टेस्ट की मदद से पुलिस ने सुलझाई डेढ़ साल पहले हुए दादी-पोती हत्याकांड की गुत्थी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

डेढ़ साल बाद दादी पोती हत्याकांड मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 302, 450, 201, 120 (बी) के तहत जुर्म दर्ज किया। घटना का खुलासा करते आईजी राम गोपाल गर्ग और एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि पुलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गनियारी में 2024 को राजवती साहू (62 वर्ष) और सविता साहू (22 वर्ष) की अज्ञात ने धारदार हथियार से वलरा कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस आरोपी के तलाश डेढ़ साल तक जांच करती रही। इस दौरान पॉलीग्राफ, ब्रेनमेपिंग, नार्को टेस्ट कराया गया था। आरोपी चुमेन्द्र उर्फ लल्ला निषाद, पंकज उर्फ पवित्र निषाद का भी टेस्ट हुआ। टेस्ट में भी दोनों पर संदेह जताया था। पुलगांव पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया। चुमेन्द्र, पंकज को तुरंत हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी चुमेन्द्र निषाद ने मृतका के साथ अवैध संबंध होना स्वीकार किया। 19 फरवरी 2024 को आरोपी चुमेन्द्र की सगाई होने की जानकारी मृतका को मिली। सगाई के बाद से आरोपी चुमेन्द्र परेशान रहने लगा। अवैध संबंधों का राज खुलने का डर सताने लगा। इधर सुविता ने अपनी सहेली के माध्यम से आरोपी चुमेन्द्र तक बात पहुंच गई कि उसके परिवार को मृतका पूरी तरह बर्बाद कर देगी। इस कारण आरोपी चुमेन्द्र अपने दोस्त शराब तस्कर पंकज निषाद और अन्य एक फरार आरोपी के साथ मिलकर हत्या का प्लान तैयार किया। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, पुलगांव प्रभारी अमित अडानी समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।



## अवैध संबंध को छिपाने युवती की हत्या

पुलिस ने बताया कि आरोपी चुमेन्द्र निषाद का सविता के साथ अवैध संबंध था। लेकिन इस बीच चुमेन्द्र की सगाई अन्य युवती से कर चुका था। इसे छिपाने के लिए चुमेन्द्र ने अपने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर सविता को रास्ते से हटाने का प्लान तैयार किया। जिसमें पंकज निषाद, अन्य युवक शामिल था। 6 मार्च 2024 को अपने घर से चुमेन्द्र ने चौथिया उतई जाने की बात गांव वालों को बताकर निकला था। जिससे युवती की हत्या का संदेह उस पर किसी को न हो। आरोपी चुमेन्द्र को जब से युवती को उसके सगाई की भनक लगी थी उसके बाद से हत्या करने की साजिश रचता रहा। घटना की रात चुमेन्द्र को मौका मिला लेकिन उसे पता नहीं था कि जिस कमरे में सविता सोई हुई है। वहां उसकी दादी राजवती भी सोई है। सविता पर ताबड़तोड़ कर कर दिया। युवती तड़पती रही आवाज सुनकर राजवती उठ गई उसे भी आरोपियों ने गले में हथियार से कई वार कर फरार हो गए। सुबह होने पर गांव वालों को घटना की खबर हो पाई।

## मृतिका के घर स्कार्पियो से पहुंचे थे आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी चुर्मेन्द्र लोगों को गुमराह करने के लिए दोस्तों के साथ चौथिया खाने उतई स्थित ग्राम घुघसीडीह जाने की जानकारी पहले दिया था। जिससे प्लान के बारे में किसी को संदेह न हो पाए। घटना की रात 1 से 1.30 बजे के बीच आरोपी दोस्तों के साथ वापस गांव पहुंचा। आरोपी ने अपने भाई को फोन कर दरवाजा खुलवाया। आरोपी के भाई के सोने के बाद बाहर निकल कर आरोपी चुमेन्द्र योजना में पंकज, एक अन्य दोस्त को व्हाट्सएप कॉल कर बुलाया। आरोपी पंकज निषाद, स्कॉर्पियों वाहन सीजी 06 ई 6666 में पहुंचा। आरोपीगण मृतिका के घर के बाहर सड़क पर खड़े हो गए। आरोपी चुनेंद्र मृतिका सविता को आवाज देकर दरवाजा खुलवाया। सविता को रात में ही चुमेन्द्र ने शादी करने की बात कहता रहा। लेकिन मृतिका ने चुमेन्द्र को उसकी सगाई होने की जानकारी दी। सविता उसके साथ जाने से इंकार कर दिया। तब आरोपियों ने आक्रोशित होकर चुनेंद्र समेत उसके दोस्तों ने मिलकर सविता को टंगीया से सिर पर हमला कर दिया। उसके बाद आवाज आने पर उसकी दादी राजवती पर भी चाकू से गर्दन पर हमला किया।

# तीन साल पहले हुई बेटे की मौत का न्याय पाने पिता बैठा आमरण अनशन पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले के भिलाई तीन में जैन मंदिर के बगल से एक बुजुर्ग तीन दिनों से आरमण अनशन पर बैठा है। अन्न का एक दाना और पानी की एक बूंद तक ग्रहण न करने के बाद भी बुजुर्ग इस आस पर जिंदा है कि तीन साल पहले हुई उसके बेटे की मौत को सरकार और पुलिस न्याय दिलाएगी, लेकिन तीन दिन बाद भी कोई उसकी सुध लेने नहीं गया है। धरने पर बैठने वाले बुजुर्ग का नाम शंकर दोल है। तीन साल पहले 12 अगस्त 2022 को उसके बेटे सिद्धार्थ दोल का शव कुम्हारी के पास एक नाले में मिला था। कुम्हारी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया और रिपोर्ट में यह दिखाया कि सिद्धार्थ की मौत नाले में डूबने से हुई है। इसके उलट सिद्धार्थ के पिता शंकर का कहना है कि उसके बेटे की हत्या की गई है। हत्याकांड में कई बाड़े लोगों के नाम शामिल हैं, जिसे दबाने के लिए पुलिस ने मामले में लीपापोती करते हुए साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं उसने यह भी आरोप लगाया है कि जब उसके बेटे का पोस्टमार्टम हुआ तो बिसरा जांच के लिए हार्ट, किडनी, लीवर व अन्य अंग को प्रिजर्व किया गया था, लेकिन इन सभी अंगों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल से गायब कर दिया और पोस्टमार्टम करने वाली डॉक्टर ने केवर घुटने की हट्टी को जांच के लिए भेजा था। शंकर का दावा है कि उसके पास कई ऐसे साक्ष्य हैं, जो यह साबित करते हैं कि उसके बेटे की हत्या की गई है, लेकिन उसकी कोई सुनने वाला नहीं है। वो अब आमरण अनशन पर बैठ गया है। उसका कहना है वो तभी अन्न जल ग्रहण करेगा, जब उसके बेटे की हत्या की दोबारा जांच मजिस्ट्रेट की निगरानी में शुरू होगी।



## पोस्टमार्टम में निकला बॉडी से ब्लड डॉक्टर और पुलिस का मत अलग अलग

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो सबसे बड़ा संदेह पौदा करने वाला तथ्य है वो है शव से ब्लड निकलना। तत्कालीन सीएसपी छावनी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि मृतक के शरीर में मृत्यु के 17 घंटे बाद तक भी खून बहना और उसका रंग परिवर्तित होना दोनों एंजाइम की क्रियाशीलता के परिणामस्वरूप हो सकता है। वहीं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए श्रीवास्तव ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि मृत्यु के 17 घंटे के उपरांत तक खून का बहना संभव नहीं है। सामान्य और असामान्य खून का रंग अलग किया जा सकता है।

## सभी जांच में पाया गया एक्सीडेंटल डेथ

मेडिकल लीगो संस्थान से भी उसकी जांच हो चुकी है। एक्सपर्ट ने भी उसकी जांच की है। सभी ने ये पाया है कि ये एक एक्सीडेंटल डेथ हैं। यदि कोई अन्य साक्ष्य पुलिस को मिलते हैं तो पुलिस उसकी फिर से जांच करवाएगी।
- **विजय अग्रवाल,** एसएसपी दुर्ग

# ट्रक ने महिला को कुचला, मौके पर ही मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पुलगांव थाना अंतर्गत ग्राम चंदखुरी में माही ढाबे के पास एक ट्रक ने रिवर्स करते समय महिला को चपेट में ले लिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला ग्राम चंदखुरी निवासी चित्रा बाई (42 वर्ष) बताई गई है। घटना के बाद दुर्ग-बालोद सड़क मार्ग पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे। उन्होंने सड़क को जाम कर दिया। मुआवजे की मांग को लेकर करीब डेढ़ घंटे तक प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पीड़ित के परिजनों लिए तत्काल सहायता के रूप में 5 लाख रुपए की मांग की। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची। प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे। मुआवजे के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

पुलिस ने बताया कि घटना रात करीब 8 बजे की है। ट्रक धर्मकांटा से तौल कराने के बाद मुड़ने के लिए रिवर्स ले रहा था। इधर महिला जो कि जिंदल राइस मिल में काम करती थी। कचरा फेंकने के लिए बाहर निकली थी। ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। महिला को जब तक ट्रक के नीचे से बाहर निकाला जाता। उसकी मौत हो गई थी। घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रक में कथित रूप से तोड़फोड़ शुरू कर दी। चालक मौका देख वहां से फरार हो गया। ट्रक में धान लोड था। घटना के बाद से मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है।



# मानसून वापसी का सिस्टम बना, तीन दिनों तक फिर होगी बारिश

**भिलाई।** मानसून की वापसी का दौर शुरू हो गया है लेकिन यह जाते-जाते भी भारी बारिश का सिस्टम बना रहा। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले तीन दिनों तक यानी 14 अक्टूबर तक बारिश चलेगी। 12 अक्टूबर रविवार को भी भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। अकेले अक्टूबर महीने में अब तक 70 मिलीमीटर की औसत बारिश हो चुकी है। पिछले साल की तुलना में यह 41.2 मिलीमीटर औसत वर्षा अधिक है। पिछले साल इस महीने में 28.8 मिलीमीटर की वर्षा दर्ज की गई थी।

# शराब पार्टी में हत्या तीन पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

चार दोस्त आपस में शराब की पार्टी कर रहे थे। एक युवक की सिगरेट लाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि तीन युवकों ने मिलकर पत्थर पटकर युवक की हत्या कर मौके से फरार हो गए। शनिवार सुबह युवक का शव खून से सना मिला। मिली जानकारी के मुताबिक मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त शिवपारा दुर्ग निवासी अनिल यादव के रूप में किया। मृतक अनिल यादव की दो बेटियां हैं। अनिल शुक्रवार की रात 11 बजे घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। पत्नी करवा चौथ व्रत होने के कारण देर रात तक उसका इंतजार कर रही थी। मृतक अनिल ई-रिक्शा चलाने और पुताई का काम करता था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला तब घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरु किया। मौके से पुलिस को एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हालत में मिली है। मौके पर जांच के लिए फॉरेंसिक टीम भी बुलाई गई। मृतक के शरीर पर पर विभिन्न जगहो पर चोट के निशान भी मिले है। घटने का खुलासा पुलिस रविवार को करेगी। हत्याकांड में तीन आरोपी शामिल है।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301



आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.



online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411



ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
मूत्र एवं किडनी रोग विभाग
• गुर्दे का कैंसर • गुर्दे की पथरी
• मूत्राशय का कैंसर • पुरुष बाँझपन
• मूत्रनली की पथरी • अंडकोष का कैंसर
• पेशाब में जलन होना पेशाब में रूकावट
• लिंग कैंसर • सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
• गुर्दे की सूजन व इन्फेक्शन
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh



PUNJAB JEWELLERS
SINCE 1980
ये रिश्ते अनमोल हैं
महाबचत ऑफर
10 अक्टूबर से दिवाली तक
इस दीपावली, पंजाब ज्वेलर्स लेकर आया है
सोने जैसी बचत का सुनहरा मौका!
10 ग्राम सोने की ज्वेलरी खरीद पर ₹ 5,000 की बचत!
100 ग्राम सोने की ज्वेलरी खरीद पर ₹ 50,000 की बचत!
शादी की खरीदारी हो या त्यौहार की तैयारी,
हर खरीद पर पाएँ, बड़ी बचत का सुनहरा मौका
पंजाब ज्वेलर्स
सदर बाजार, हलवाई लाइन (मेन सराफा), रायपुर 9174198000 | सदर बाजार, हलवाई लाइन (गोल बाजार के पास), रायपुर 9171498000 | हमारा नया शोरूम - कचहरी चौक, एस बी आई बैंक के बगल में, रायपुर 9285100021

हरिभूमि

रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025

# लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

## लाइव इवेंट

### देश, समाज और परिवार पर सद्भावना सत्संग आज, मानव उत्थान सेवा समिति का आयोजन



**भिलाई।** मानव उत्थान सेवा समिति भिलाई के तत्वावधान में सद्भावना सत्संग समारोह का आयोजन रविवार की शाम 4 बजे से 7 बजे तक बड़ा दशहरा मैदान रिसाली भिलाई में आयोजित किया जायेगा है। जिसमें बाहर से आये हुए समिति के गुरु परिवार, समाज और देश हित में मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान सद्भावना सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

समारोह के प्रभारी महात्मा भुनेश्वरी बाई ने बताया कि समारोह के मुख्य वक्ता विभुजी महाराज होंगे। समारोह को विभिन्न तीर्थो से आये हुए आत्म अनुभवी संल महात्मा संबोधित करेंगे। समारोह के उद्देश्य को बताते हुए महात्मा हरिसंतोषानंद ने कहा कि आज मानव अनेक भौतिक उपलब्धियों को प्राप्त करने के बावजूद भी अशांत, तनाव, विषमता, वैमनस्यता से ग्रसित है, ऐसे समय में समाज में पररपर शांति, एकता, प्रेम, सहिष्णुता ओर सद्भावना की आवश्यकता है, सामाजिक सौहाद्र तथा सद्भावना एक स्वस्थ एवं सुसंस्कृत समाज की आधारशिला है। अध्यात्म ज्ञान से ही मन की शांति और हृदय में सद्भावना पैदा होती है। हृदय में सद्भावना होने पर परिवार समाज और देश में सद्भावना स्थापित कर सकते हैं। परिवार, समाज और देश हित में मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान सद्भावना सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। महात्मा ने बताया कि समिति अध्यात्म ज्ञान के साथ-साथ समाज सेवा के दिशा में भी कार्य कर रही है। जिसके अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के लिये वृहद वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, गरीब छात्र-छात्राओं को मिशन एजुकेशन के तहत निःशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण, मिशन मेडिसिन के तहत चिकित्सा शिविर और रक्तदान शिविर लगाकर मरीजों की सेवा आदि सहित समाज उपयोगी कार्य कर रही है। समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सद्भावना सत्संग का लाभ उठाने अपील की है। प्रेसवार्ता में में प्रभारी महात्मा भुनेश्वरी बाई, महात्मा हृदयानंद, महात्मा हरीप्रयागानंद, रोहित नायक, संतोष साहू, कृष्णकुमार साहू, केशव पटेल, बी.एस. दुग्गा, श्रवण यादव, राजेश निषाद प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### वर्षावास के समापन पर भंते ने किया पूजा वंदना, परित्राणाय पाठ और दी धम्म देशना



**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई पं क्र 1119 के तत्वावधान में डॉ आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में अश्विन पूर्णिमा के अवसर पर वर्षावास समापन दिवस समारोह का आयोजन भंते शील रत्न और भंते सुमेध श्रीलंका के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान भंते द्वारा पूजा वंदना, परित्राणाय पाठ कर धम्म देशना दी गई। जिसका सभी अनुयायियों पालन करने की शपथ ली। पिछले 10 जुलाई यानी तीन महीने से चल रहे वर्षावास के समापन कार्यक्रम में अध्यक्षता सविता मेश्राम ने की।

वर्षावास के समापन अवसर पर सुबह साढ़े 9 बजे भंते द्वारा द्वीप प्रजल्वित कर गौतम बुद्ध और डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए पूजा वंदना, परित्राणाय पाठ किया गया और उनके द्वारा धम्म देशना दी गई। जिसमें भंते ने वर्षावास के महत्व को समझाते हुए कहा कि अपने जीवन को सुखमय और खुशहाल बनाने के लिए भगवान बुद्ध और डॉ आम्बेडकर के मार्ग पर चलना है। अपने जीवन में शील, सदाचार का पालन करना चाहिए। दान पारमिताओं के बारे में सविस्तर जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सविता मेश्राम, उपाध्यक्ष विनोद वासनीक, कृष्णा बंसोडकर, देवानन्द मेश्राम, महासचिव रामराव ढोक, सचिव अशोक शामकुवर, कोषाध्यक्ष भागवत बागडे, उप कोषाध्यक्ष अशोक नंदेश्वर, प्रचार प्रभारी ठानेन्द्र कामडे, लेखापाल प्रदीप सोममकुवर, कार्यकारी सदस्य जेबी पाटील, आईके राृमटेके, ज्ञानचंद टेम्भुरकर, प्रितेश पाटील, रंजू खोब्रागडे, डीपी भोईर, हरिकिशन भोवते, सामान्य सदस्य रविन्द्र गाडगे, अशोक कुमार ढवले, भीमराव पाटील, जीडी राऊत, नरेन्द्र नारनवरे, कमलराज मेश्राम, बलवंत खोब्रागडे, मूलचन्द गडपायले, विनायक चौरे, राजेन्द्र गेडाम, राजकुमार गजभिये, संदीप मेश्राम, मीना नारनवरे, शालू दामले, पूनम ढोक, कुसूम गजभिये, लीना वैद्य, भारती खांडेकर, अलका बौद्ध, सरोज बौद्ध, सुजाता रामटेके, अन्य सदस्य दुर्ग- भिलाई की विभिन्न समितियों के सदस्य और गणमान्य नागरिक इस वर्षावास समापन समारोह में उपस्थित थे।

### हर शनिवार को आओ संवारें बचपन अभियान

## सरकारी स्कूलों में लगेगी श्रद्धा की पाठशाला

**भिलाई।** दुर्ग जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा पुरेंद्र साहू अब हर शनिवार अपने क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में आओ सवारें बचपन अभियान के तहत कार्यशाला लगाएंगीं। इसकी शुरूआत इस शनिवार पुरई उच्चतर माध्यमिक शाला से हुई।



जहां पर स्कूली बच्चों के साथ इस कार्यशाला में स्वास्थ्य, शिक्षा, कैरियर, नशा उन्मूलन, प्रकृति और बेटा बचाओ, बेटा पढ़ाओ विषय में बातचीत होगी। कार्यशाला का उद्देश्य बैग लैस डे में बच्चों की मन की बात जानने और उनकी समस्याओं के समाधान पर फोकस है। खेल-खेल और खुशनुमा माहौल में छात्र-छात्राओं के बीच टॉपर्स भी अपनी सक्सेस स्टोरी बताएंगे। दुर्ग जिला पंचायत सभापति व बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य श्रद्धा पुरेंद्र साहू ने बताया कि आजकल स्कूली बच्चों में नशाखोरी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में बच्चों के बीच जाकर उनकी इन गलत आदतों पर भी बातचीत की जाएगी। ताकि दूसरे बच्चे समय रहते संभल जाएं। बच्चों को आज साधन नहीं संवाद की जरूरत है। इसलिए इस मुहिम की शुरूआत की गई है।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर 7 दिवसीय जागरुकता कैम्पेन, विशेषज्ञों ने रखी अपनी राय

# दुनिया में हर छठवां व्यक्ति किसी ने किसी प्रकार के मानसिक रोग से ग्रसित, जागरुकता और खुलकर बात करने से मिल सकता है सही इलाज

**सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य पर युवाओं के लिए एक अहम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 7 दिवसीय इस इवेंट में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद गुप्ता ने मानसिक स्वास्थ्य पर लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस विषय पर आज खुलकर बात करने की जरूरत है। पिछले कुछ समय में यह समस्या तेजी से बढ़ी है। इससे निपटने के लिए हमें और अधिक ज्यादा अवेयर होने की जरूरत है। मेंटल हेल्थ वीक के अंतर्गत समाज में मानसिक स्वास्थ्य, जागरुकता एवं समुदाय के हित में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बताया गया कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम आपदा और आपातकाल में मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, पहुंच और चुनौतियां हैं। संकट और आपात स्थितियों में भी समय पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं और सहायता सभी तक पहुंचे। इसे लेकर भी मंथन किया गया।**



**भिलाई।** पहले दिन समाज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की सामूहिक पहल का शुभारंभ किया। डॉ. लोकेश रंजन, विभागाध्यक्ष मनोरोग सामाजिक कार्य और श्वेता कुमारी सहायक प्राध्यापक नैदानिक मनोविज्ञान विभाग ने वेबीनार से जुड़कर मानसिक स्वास्थ्य पर अपने अनुभव शेयर किए। इसमें 41 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस वेबिनार में विशेषज्ञों ने कठिन परिस्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की रणनीतियों पर चर्चा की। अगले दिन डॉ. प्रमोद गुप्ता ने साइंस कॉलेज दुर्ग में एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया, जिसमें युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और भावनात्मक सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। कार्यशाला में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को अपने मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करने और जरूरत पड़ने पर पेशेवर महायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विकट परिस्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रबंधन पर चर्चा की गई। अगले दिन डॉ. प्रमोद गुप्ता ने मंदीपनी अकादमी अछोटी में एक इंटरएक्टिव मेशन आयोजित किया, जिसमें 250 छात्र और 15 शिक्षक शामिल हुए। इस सत्र में विद्यालय स्तर पर सहयोगी बातावरण और मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। बाल संप्रेक्षण गृह में बच्चों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. रोहित तुरी, विभागाध्यक्ष क्लीनिकल साइकोलॉजी और केएमएस खान, लीगल एडवाइजर ने भावनात्मक देखभाल, सकारात्मक व्यवहार और सहायता प्राप्त करने के महत्व को समझाया। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के दिन यानी 10 अक्टूबर को फन फेयर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मनोरंजन, रचनात्मकता और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था। साथ ही दंत चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के परस्पर संबंध को रेखांकित किया गया। इस इवेंट के माध्यम से शिक्षा, जागरुकता और संवेदनशील देखभाल के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता को सुदृ्ढ करने की अपनी प्रतिवद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद थे।

### दुनिया में तेजी से बढ़ रहे हैं मानसिक रोग के मामले

विशेषज्ञों ने बताया कि दुनिया में पिछले कुछ समय से मानसिक रोग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। मानसिक रोगों को लेकर समाज में फैले कलंक को दूर करना और मानसिक कल्याण सुनिश्चित कराना वर्तमान समय की आवश्यकता है। युद्ध, महामारी, प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय संकट जैसी परिस्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतें अक्सर उपेक्षित रह जाती हैं। प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में हर छठवां व्यक्ति किसी न किसी मानसिक बीमारी से प्रभावित है। शिक्षा से लेकर रोजगार तक हर क्षेत्र में बढ़ते दबाव के कारण लोगों में डिप्रेशन, चिंता और अन्य मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। मन और शरीर दोनों का स्वस्थ होना आवश्यक है और इसके लिए जीवन की चुनौतियों को संयम और समझदारी से सुलझाना जरूरी है। कोई व्यक्ति डिप्रेशन में दिखाई दे, तो उसके साथ बातचीत कर उसकी समस्याओं को समझें और जरूरत पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से इलाज करवाएं। समय पर पहचान और इलाज से मानसिक रोगों पर नियंत्रण संभव है।




# बीएसएफ 86 बटालियन ने की पहल, महिलाओं को मिला कौशल विकास करने का अवसर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की रावघाट परियोजना के तत्वावधान में बीएसएफ 86 बटालियन के सहयोग से संचालित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत 9 सितंबर से 8 अक्टूबर पूरे एक माह तक 20 बालिकाओं और महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को कपड़े सिलाई, स्टिचिंग, बुनाई तकनीक और बुनियादी डिजाइनिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

- रावघाट परियोजना के अंतर्गत आयोजित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

समापन समारोह में बीएसएफ 86 बटालियन के सीईओ अनिल रावत और रावघाट परियोजना भिलाई इस्पात संयंत्र के सहायक महाप्रबंधक उपेंद्र कुमार सिंह, खदान क्षेत्र के अधिकारी और कर्मचारी सहित खड़कागांव, खोड़गांव के सरपंच सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

यह पहल ग्रामीण क्षेत्रो की महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास के अवसर प्रदान करने के लिए की गई थी। ताकि वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने रावघाट परियोजना और निगमित सामाजिक गतिविधियों के तहत स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए और उन्हें आजीविका सृजन, हुनर विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के व्यापक अवसर प्रदान करने के लिए रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करते रहता है।






## राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में जूरी मेंबर अनीता को मिला सम्मान

**भिलाई।** मिसेज़ कल्चरल एम्प्रेस 2024, दुर्ग की अनीता सरकार ने हाल ही में दुर्ग में आयोजित राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता, मिस एंड मिसेज वेटिको क्वीन ऑफ़ इंडिया वीक्यूआई 2025 में जूरी सदस्य के रूप में भाग लिया। यह राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता केवल देश के पशु चिकित्सकों के लिए आयोजित की जाती है।

राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश, असम, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों से कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में देश भर के कई प्रसिद्ध पशु चिकित्सक अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर अनीता सरकार को वीक्यूआई की निदेशक एवं संस्थापक डॉ. निधि रावत ने जूरी सदस्य के रूप में उनकी भागीदारी और उनके सामाजिक सेवा कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अनीता सरकार ने इस सम्मान के दौरान कहा कि वह समर्पण के साथ अपने समाज सेवा कार्यों को जारी रखेंगी। पेशे से गणित की व्याख्याता, योग प्रशिक्षक अनीता सरकार ने शो की निदेशक डॉ. निधि रावत का हार्दिक आभार व्यक्त किया।



### फंड रेजिंग पार्ट-1 अभियान का आगाज, आज अंतिम दिन ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन



# शास्त्रीय नृत्य, वाद्य और संगीत की शानदार प्रस्तुतियों से देशभर के कलाकारों ने दिखाया हुनर

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। जरुरतमंद कलाकारों और साहित्यकारो की मदद के लिए रवींद्र निकेतन, हुडको कालीबाड़ी और गीता आर्ट, एक्ट एंड डांस एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिवसीय फंड रेजिंग पार्ट-1 राष्ट्रीय प्रतियोगिता और समारोह की शुरुआत महात्मा गांधी कला मंदिर में शनिवार को हुई। जिसके पहले दिन शास्त्रीय नृत्य, वाद्य संगीत और कंठ संगीत की शानदार प्रस्तुतियां हुईं।दो दिवसीय इस निशुल्क आयोजन के आज अंतिम दिन भी कलाकार ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। शाम के सत्र में युवा कलाकरों की लाइव बैंड प्रस्तुति और सांगीतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बीएसपी के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक गौतम भट्टाचार्य मौजूद रहे। इस अवसर पर राउरकेला स्टील प्लांट के भूतपूर्व महाप्रबंधक डी.डी. देहुरी भी उपस्थित थे।




### भिलाई हमेशा से कला और संस्कृति की धरती है : भट्टाचार्य

गौतम भट्टाचार्य ने अपने उद्बोधन में भिलाई की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को याद करते हुए कहा कि भिलाई हमेशा से कला और संस्कृति की धरती रही है। इतने वर्षों बाद लौटकर ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों को देखकर गर्व महसूस हो रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, बंगाल समेत कई राज्यों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन शास्त्रीय नृत्य, वाद्य संगीत और कंठ संगीत की शानदार प्रस्तुतियां हुईं। निर्णायक मंडल में मौऊ दत्ता, पार्थ चक्रवर्ती, अमृता सान्याल, रिकी पीटर, बाली और संस्कृति वर्मा शामिल थीं। उद्घाटन सत्र का संचालन स्वाति सेनगुप्ता और प्रतियोगिता का संचालन संस्कृति वर्मा ने किया। आयोजन का संयोजन मौऊ दत्ता और समन्वय पी सेनगुप्ता, पूरबी विश्वास, समीर चक्रवर्ती, मास्टर शान विश्वास और तुहीनदारी सान्याल ने किया। सुबह के सत्र में पुरस्कार वितरण कृषि विभाग अध्यक्ष गोकुल वर्मा, प्रतीक मंडल वित्तीय सलाहकार और वरिष्ठ कलाकार सतीशन ने किया। कार्यक्रम की परिकल्पना और विशेष सहयोग कला साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़, भिलाई का रहा।

### आज अंतिम दिन



11 व 12 दो दिवसीय इस आयोजन का आज अंतिम दिन रहेगा। जिसमें इच्छुक प्रतिभागी ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। शाम के सत्र में युवा और प्रतिष्ठित कलाकारों की लाइव प्रस्तुति और जेएमसी लाइव बैंड का सांगीतिक कार्यक्रम होगा। सभी कला प्रेमियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन निःशुल्क रखा गया है।

## सिटी इवेंट

# मतदान जागरुकता के लिए निकाली रैली, नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के द्वारा स्वीप कार्ययोजना के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत मतदाता जागरुकता रैली, नुक्कड़ नाटक तथा नारा लेखन एवं वीडियो प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एनएसएस के स्वयंसेविकाओं व स्वयंसेवकों ने भागीदारी दी।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह द्वारा की गई, जिन्होंने छात्रों और शिक्षकों को अपने प्रेरणादायक शब्दों से संबोधित किया। उन्होंने लोकतंत्र में मतदान की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभी उपस्थित लोगों को सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने मतदान के महत्व को समझाया और निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देते हुए समाज को सही उम्मीदवार का चयन करना कितना महत्वपूर्ण है इस विषय से अवगत करवाया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी छात्रा इकाई एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. मीना मान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी छात्र ईकाई प्रोफेसर तरुण कुमार साहू के मार्गदर्शन और सहयोग द्वारा संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेविका रागिनी, यागिनी, पूजा, भावना एवं स्वयंसेवक हरीश, मिनेश सहित 100 से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## धर्म लाइव


# पारकर के अनुदित उपन्यास का विमोचन आज

**भिलाई।** अंचल के छत्तीसगढ़ी साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर के छत्तीसगढ़ी उपन्यास बहू हाथ के पानी के हिन्दी अनुवाद का विमोचन कार्यक्रम मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में रविवार को दोपहर 2 बजे से गीताभवन ब्रजमंडल, सेक्टर-6 मंगल भवन के पीछे आयोजित किया जायेगा। पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित इस छत्तीसगढ़ी उपन्यास के हिंदी अनुवादक शैलेन्द्र पारकर हैं। आयोजन के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. संजय तिवारी होंगे। अध्यक्षता मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. चितरंजन कर साहित्यकार, गीतकार व भाषाविद्, आचार्य डॉ. रामेन्द्रनाथ मिश्र भाषाविद्, पूर्व अध्यक्ष, बख्शी सृजन पीठ, डॉ. अजय सिंह प्राचार्य, विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग, डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार, प्राचार्य, नवीन महाविद्यालय, बेलौदी, नरेंद्र कुमार सिक्केवाल पुलिस अधीक्षक सी.आई.डी. और महासचिव, मुक्तकंठ साहित्य समिति, अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी-दुर्ग, डॉ. अभिलाषा बेहार सचिव, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग और डॉ. पी.सी. लाल यादव होंगे। विमोचन समारोह में वक्ता डॉ. सुधीर शर्मा हिन्दी विभागाध्यक्ष कल्याण महाविद्यालय और डॉ. कविता वैष्णव अध्यक्ष हिन्दी अध्ययन मंडल पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय-रायपुर किताब पर अपने विचार रखेंगे और संचालन डॉ. गणेश कौशिक करेंगे।

## समाज इवेंट

# पंथी शिखर सम्मान समारोह व संगोष्ठी आज, जुटेंगे प्रदेश भर के कलाकार

**भिलाई।** पुरखा के सुरता जन कल्याण समिति की ओर से 70 के दशक की ख्याति प्राप्त महिला पंथी कलाकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिनीमाता सम्मान प्राप्त अमृता बारले की द्वितीय पुण्यतिथि पर राज्य स्तरीय सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह 12 अक्टूबर को ग्राम मोरिद भिलाई तीन में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक पद्मश्री राधेश्याम बारले ने बताया कि इस सुरता अमृता बारले, पंथी शिखर सम्मान एवं वैचारिक संगोष्ठी में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, अहिवारा विधायक राजमहन्त डोमन लाल कोर्सेवाडा, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, केश शिल्प कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन रायपुर, ओजस्वी मंडावी सदस्य महिला आयोग छग दन्तेवाड़ा, डॉ चुरामन सिंह साहू वरिष्ठ कवि बेरला, होली राम डड़सेना खरसिया रायगढ़, सुनील ठाकुर पूर्व सदस्य कर्मकार बोर्ड, डॉ रोहित मिरी एसोसिएट प्रोफेसर सीएसवीटीयू भिलाई, राष्ट्रपति सम्मानित गीता बंजारे, वाय अप्पल नायडू, इंद्रजीत सिंह और शैलेंद्र शैली जिला भाजपा मंत्री दुर्ग शामिल होंगे। डॉ. बारले ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकार अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।



- सुरता अमृता बारले मोरिद भिलाई तीन में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

इनमें अंतरराष्ट्रीय मांदर वादक गौकरण दास बघेल के नेतृत्व में 50 मांदर वादकों की एक साथ जुगल बन्दी और ख्याति प्राप्त लोक गायक तुषान्त बारले की रंगारंग प्रस्तुति सहित कई आकर्षण होंगे। आयोजन के वैचारिक सत्र में ''महिला पंथी नृत्य में अमृता बारले का योगदान'' विषय पर प्रमुख वक्ता भरत लाल कुर्रे अपने विचार रखेगे। वहीं ''महिला पंथी नृत्य का महिला सशक्तिकरण पर प्रभाव'' विषय पर भूपेंद्र चाणक्य तवेरा बालोद अपना वक्तव्य देगे।

## विभिन्न वेट कैटेगरी में पुरुष और महिला वर्ग के खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

# राज्यस्तरीय खेल में पहली बार जूडो हुआ शामिल श्रेष्ठ प्रतिभाओं को आगे खेलने का मिलेगा मौका

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू के तत्वावधान में आयोजित एकीकृत राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में छ.ग. राज्य तकनीकी शिक्षा के इतिहास में पहली बार जूडो खेल को शामिल किया गया। इस ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग यूटीडी भिलाई में पुरुष और महिला वर्ग के प्रतिभागियों ने विभिन्न वेट कैटेगरी में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विजेता और उप-विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण व रजत मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चयनित खिलाड़ियों को खेल भावना को निरंतर बनाए रखने का संदेश दिया गया।

पुरुष वर्ग में 7 वेट कैटेगरी और महिला वर्ग में 8 वेट कैटेगरी में हुए रोमांचक मुकाबलों के आधार पर विश्वविद्यालय स्तरीय जूडो टीम का चयन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार तकनीक और जोश का परिचय देते हुए दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के साथ वाहवाही लूटी।







### विभिन्न कैटेगिरी में हुए चयनित

विश्वविद्यालय जूडो टीम के लिए महाविद्यालय व वेट कैटेगरी में लोकेश्वरी ठाकुर बीआईटी दुर्ग (44), खुशबू साहू सीएसवीटीयू यूटीडी(48),चतिका निर्मलकर सीएसवीटीयू यूटीडी(52),सौम्या गिरीगोस्वामी आरसीपीएसआर रायपुर (72), तितिक्षा साहू बीआईटी दुर्ग (72+), मंजीत पाटले एमजे कॉलेज भिलाई (50), तोमन साहू शास. उप्रउ पॉलीटेक्निक महा. दुर्ग (55), अभिनाश आरआईटी रायपुर (60), अभिषेक कुमार टंडन सीसीईटी दुर्ग (65), श्रवण वर्मा आरसीपीएसआर भिलाई (71), ओमप्रकाश सीएसवीटीयू विवि फार्मेसी महा. भिलाई(78), अनुज कुमार सीएसवीटीयू विवि फार्मेसी महा. भिलाई(86), हर्ष तिवारी बीआईटी दुर्ग (86+) का चयन हुआ है।



### विजेता हुए पुरस्कृत

कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय खेल विभाग और संयोजन विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज ने बताया कि राज्य के विभिन्न तकनीकी महाविद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयनित टीम आगामी अखिल भारतीय व पूर्वी क्षेत्र के अंतरविश्वविद्यालय प्रतियोगिता में सीएसवीटीयू का प्रतिनिधित्व करेगी। कार्यक्रम का संचालन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ और अंत में विजेता व उप-विजेता खिलाडियों को स्वर्ण व रजत मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए खेल भावना को निरंतर बनाए रखने का संदेश दिया गया।

### शिक्षा का अभिन्न अंग है खेल

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के निदेशक डॉ. पंकज मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सीएसवीटीयू में खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाते हुए युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करने का अवसर मिल रहा है। जूडो का समावेश तकनीकी शिक्षा में खेल संस्कृति की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की मुख्य वित्त अधिकारी नीतू पाण्डेय ने कहा कि "विश्वविद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को नेतृत्व और संतुलन सिखाती हैं। जूडो जैसे मार्शल आर्ट खेल से विद्यार्थियों में आत्मरक्षा और आत्मसंयम दोनों का विकास होता है। विशेष अतिथि के रूप में सह-प्राध्यापक डॉ. मीरी सहायक प्राध्यापक एवं यूटीडी खेल अधिकारी शेषनारायण साहू, सहा.प्राध्यापक आर.जी. ब्रजेश, डॉ. हरीश घृतलहरे और किंशुक वर्मा विवि स्टूडेंट वेलफेयर एवं प्रवेश प्रभारी उपस्थित थे।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव बीआईटी दुर्ग, प्रोफे. इंचार्ज विनय कुमार एमपी क्रिश्चियन महाविद्यालय भिलाई, खेल अधिकारी पुरूषोत्तम रात्रे आरआईटी रायपुर, प्रोफे. इंचार्ज डॉ. लिलिमा रूंगटा महाविद्यालय रायपुर , विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों के कई अधिकारी, प्रशिक्षक, जूडो संघ से जुड़े ऑफिशियल्स श्वेता विजय नाग, लता ढिढे, मधुरानी साहू, अरूण द्विवेदी, प्रमोद कुमार तिवारी, संतोष जंघेल, भगवती जंघेल सहित विद्यार्थी और दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ऑल इंडिया डांसर्स

# भरतनाट्यम सीनियर वर्ग में आद्या को मिला आउट स्टैंडिग परफार्मर



**भिलाई।** ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत पिछले 18 सालों से भारत एवं विदेशों में नृत्य उत्सवों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। 2 से 12 अक्टूबर तक रायपुर रंग मंदिर में आयोजित नटवर गोपीकृष्ण नेशनल अवॉर्ड फेस्टिवल में देशभर से आए लगभग 1300 एकल प्रतिभागियों तथा 3500 से अधिक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इसी कड़ी में भिलाई की नृत्यांगना आद्या पांडेय ने शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम सीनियर वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। जिसमें उसे आउट स्टैंडिग परफार्मर का अवार्ड दिया गया। आद्या डॉ. जी. रतीश बाबू की वरिष्ठ शिष्या हैं।

अद्या छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित अंतराष्ट्रीय मंच चक्रधर समारोह 2025 में भी अपनी प्रस्तुति दी थी। साथ ही वे "नृत्य मंजरी, नृत्य प्रतिभा, नृत्य श्रेष्ठ एवं नृत्य गौरव समान" जैसे अलंकरण से सम्मानित हो चुकी हैं। इनके पिता दिनेश पांडे भिलाई इस्पात संयंत्र मे कार्यरत हैं तथा माता सोनिया पांडेय गृहणी हैं।



## एचआईवी एड्स से बचाव की दी जानकारी

# गर्भवती का एचआईवी टेस्ट जरूरी, लोगों को किया जागरूक



**भिलाई।** दुर्ग जिला में मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एचआई एड्स पर व्यापक जान जागरूकता अभियान चलाया गया। डॉक्टर मनोज दानी के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, भाग्यश्री वर्मा, मास्टर ट्रेनर विनय, डीआरपी दीपमाला राय, ओम कुमारी, हसन, राजू देवांगन, गणेश निर्मलकर, अमोल, डॉली और लेखराज उपस्थित थे।

कार्यक्रम लोग धारा लोकला समिति अध्यक्ष राजेंद्र साहू दुर्ग जिला के तीन विकासखंड में 50 कार्यक्रम को संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान तीनों विकासखंड के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। जिसमें एचआईवी एड्स होने के कारण और बचने के उपायों के बारे में बताते हुए एचआईवी के चार कारणों की जानकारी लोगों को दी गई साथ ही और गर्भवती माता का एचआईवी टेस्ट जरुर कराकर नवजात को एचआईवी के संक्रमण से बचाने की विस्तृत जानकारी दी गई।



## कार्नर न्यूज

## अर्थशास्त्र विभाग ने किया दो विस्तार व्याख्यान का आयोजन

# भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल तत्व अर्थशास्त्र के साथ पहले से जुड़े हुए हैं : डॉ. सुमिता श्रीवास्तव



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दो विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. के पद्मावती के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुमीता श्रीवास्तव, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव व डॉ. अविचल शर्मा, सहायक प्राध्यापक क्राइस्ट विश्वविद्यालय, लवासा, पुणे महाराष्ट्र उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलन से हुआ। सरस्वती वंदना कु. खुशबू एम.ए. तृतीय सेमेस्टर ने प्रस्तुत किया। अर्थशास्त्र परिषद के अध्यक्ष कु. जागेश्वरी व सचिव कु. दिव्या द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत भाषण विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. के पद्मावती द्वारा दिया गया।



### वैश्विक स्तर पर अमेरिका की भूमिका पर की चर्चा



डॉ. अविचल शर्मा ने भुगतान अधिनियम व भारत की नयी वैश्विक विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने वैश्विक स्तर पर अमेरिका की भूमिका पर चर्चा की। अमेरिका, रूस, इजराईल के साथ भारत के तटस्थ संबंध व क्रय शक्ति क्षमता, मंहगाई और बेरोजगारी संतुलन आदि विषयों पर प्रकाश डाला।

### भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल तत्व धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष

डॉ. सुमीता श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा से आर्थिक विचार किस तरह प्रभावित है। भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल तत्व धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष पर प्रकाश डाला। वेदों के श्लोकों से जीवन को सही अर्थ में चलाने की बात एवं नई सोच अपनाने से पहले नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। अर्थशास्त्र को धन का शास्त्र कहा जाता है, अर्थ को महत्व दिया गया है, परंतु वह अर्थ या धन तभी सही होगा जब वह सही मार्ग पर चलकर ही अर्जित किया गया हो। कार्यक्रम के अंत में छात्रों द्वारा पूछे गये विभिन्न प्रश्नों के उत्तर वक्ताओं द्वारा दिए गए। विद्यार्थियों के जिज्ञासाओं को शांत करते हुए उन्हें प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. अंशुमाला चन्दनगर, डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. वंदना कश्यप, राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शकील हुसैन, तरूण कुमार साहू, डॉ. रश्मि गौर, डॉ. राजेश्वरी जोशी, अमित सिंह तथा बड़ी संख्या में अर्थशास्त्र प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जिज्ञासा पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीता मिश्रा एवं डॉ. वंदना कश्यप द्वारा किया गया।

# प्री-पुष्य नक्षत्र

## हर कार्य में सफलता और समृद्धि देने वाला शुभ योग

भारतीय ज्योतिष शास्त्र में नक्षत्रों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। प्रत्येक नक्षत्र अपने विशिष्ट गुण, प्रभाव और दिव्यता के कारण मानव जीवन पर असर डालता है। इन्हीं में से एक है पुष्य नक्षत्र, जिसे नक्षत्रों का राजा कहा गया है। जब यह नक्षत्र किसी प्रमुख तिथि, पर्व या विशेष वार से पहले आता है, तो उसे "प्री-पुष्य नक्षत्र" कहा जाता है। "प्री" का अर्थ होता है — पूर्व में आने वाला, और इसीलिए यह नक्षत्र अपने आप में अत्यंत शुभ व मंगलकारी माना गया है।



### प्री-पुष्य नक्षत्र का पौराणिक महत्व

पौराणिक ग्रंथों के अनुसार, पुष्य नक्षत्र का स्वामी गुरु बृहस्पति हैं। इस दिन भगवान बृहस्पति की कृपा से ज्ञान, धन, स्वास्थ्य और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। कथाओं में उल्लेख है कि इस नक्षत्र में देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना करने से जीवन में स्थिरता आती है और घर में धन-धान्य की वृद्धि होती है। देवगणों ने भी अनेक बार पुष्य नक्षत्र में देवपूजन और यज्ञ आरंभ किए थे। इसलिए यह नक्षत्र देवकार्य और शुभारंभ के लिए सर्वोत्तम माना जाता है।

### ज्योतिषीय दृष्टि से महत्व

पुष्य नक्षत्र 27 नक्षत्रों में आठवां नक्षत्र है। यह कर्क राशि में आता है और इसका स्वामी गुरु (बृहस्पति) है। गुरु ज्ञान, धर्म, समृद्धि, आस्था और न्याय के प्रतीक हैं।

जब यह नक्षत्र किसी गुरुवार या रविवार को पड़ता है, तो उसे गुरु-पुष्य योग या रवि-पुष्य योग कहा जाता है। परंतु जब यह नक्षत्र किसी बड़े शुभ पर्व या ग्रह संयोग से पहले आता है, तो वह बन जाता है "प्री-पुष्य नक्षत्र" — अर्थात् वह दिन जो आने वाले शुभ समय की तैयारी करवाता है।

ज्योतिष के अनुसार, इस दिन किया गया कोई भी कार्य दीर्घकालीन सफलता और स्थिरता देता है। विवाह, गृह-प्रवेश, वाहन या संपत्ति की खरीद, शिक्षा की शुरुआत, व्यापार विस्तार जैसे कार्यों के लिए यह दिन अत्यंत मंगलकारी होता है।

### प्री-पुष्य नक्षत्र में क्या करें

प्रातः स्नान कर स्वच्छ पीले वस्त्र धारण करें। घर में या पूजा स्थान पर भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी और गुरु बृहस्पति की पूजा करें। पीले पुष्प, हल्दी, चंदन, केसर, गुड़, चना आदि से पूजा सामग्री तैयार करें। इस दिन गाय को गुड़-चना, ब्राह्मणों को दान, और कन्याओं को फल या वस्त्र देना अत्यंत शुभ माना जाता है। यदि नया व्यवसाय, दुकान, या कार्य आरंभ करना हो तो यह दिन सर्वश्रेष्ठ है। स्वर्ण, आभूषण, वाहन या भूमि क्रय करने से दीर्घकालिक लाभ मिलता है।

### प्री-पुष्य का आध्यात्मिक प्रभाव

इस दिन का सबसे बड़ा लाभ है मन की शुद्धता और आत्मबल में वृद्धि। पुष्य नक्षत्र व्यक्ति में धैर्य, निर्णय क्षमता और विवेक को बढ़ाता है। जो लोग इस नक्षत्र के प्रभाव में किसी मंत्र-जप, ध्यान या साधना का आरंभ करते हैं, उन्हें सिद्धि प्राप्त होने की संभावना अधिक रहती है।

यह नक्षत्र अशुभ ग्रहों के प्रभाव को भी शांत करता है और व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

### प्री-पुष्य नक्षत्र और ग्रह दोष निवारण

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु या चंद्रमा अशुभ स्थिति में हों, तो इस दिन उनका विशेष पूजन या रत्न धारण करना लाभदायक रहता है।

पुष्य नक्षत्र में पीला पुखराज या सोने का आभूषण धारण करने से गुरु दोष शांत होता है और भाग्य बल बढ़ता है।

साथ ही यह नक्षत्र नवग्रह पूजन, कुंडली सुधार, या वास्तु दोष निवारण जैसे कार्यों के लिए भी सर्वोत्तम माना जाता है।

प्री-पुष्य नक्षत्र केवल एक खगोलीय संयोग नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अवसर है जो जीवन में नई शुरुआत और स्थायी सफलता का मार्ग खोलता है।

इस दिन का प्रभाव व्यक्ति के कर्म, श्रद्धा और संकल्प पर निर्भर करता है। यदि पूरे मन से पूजा की जाए और सद्कार्य का संकल्प लिया जाए, तो यह नक्षत्र जीवन में सौभाग्य, शांति और समृद्धि का स्थायी दीप प्रज्वलित कर देता है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस
मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें...
आरोग्य मनोचिकित्सा एवं नशा उन्मुलन केन्द्र
डॉ. मैनक देव सिकदर
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी.(एम.डी.)
(मनोचिकित्सक)
सुविधाएं :
• मनोरोग संबंधित • नशा उन्मुलन संबंधित
• भर्ती सुविधाएं • चाइल्ड गाइडेंस
• साइकोथेरॉपी • जिरियाट्रिक साइकेट्री
• मेराइटल थेरॉपी • इलेक्ट्रो कन्वल्सिव थेरॉपी
• नारकोएनालिसिस
24 घंटे भर्ती की सुविधा
10/2, 10/3, दक्षिण गंगोत्री, जी.ई.रोड, सुपेला, भिलाई. फोन : 0788-4040506, 9425555815

॥ ॐ कालभैरव नमः ॥
GAJJU'S
Beauty Salon & Academy
Gajju Shrivas
मेक अप with हेयर स्टाईल 1100/-
03+फेशियल with हाईड्रा 2000/-
हाईड्रा फेशियल 1499/-
Cood Skin फेशियल 1499/-
रेगुलर फेशियल (मिक्स फ्रूट, फ्लावर) 799/-
• Botox 3999 - upto • Smoothing - 2999 upto
• Straightening - 2999 • Hair Spa - 799 upto
Near Gayatri Mandir, Behind Thana Mohan Nagar, Durg (C.G.), Mob. : 9617766952, 0788-3132855

तुलसा मार्बल्स
• ब्लैक स्टोन
• ग्रेनाईड • मार्बल
• डिजाईनर कवेलू
• वाल एवं फ्लोर टाईल्स
मनीष शर्मा - मो. 70000 78070
कुलेश्वर चन्द्राकर - ऑफिस मो. 93028 39202
पुलगाँव रोड, पोटिया (जन्नत बार के सामने) दुर्ग (छ.ग.)

A FINANCE SERVICES
PARKER'S CONSULTING & VENTURES PVT. LTD.
• PERSONAL LOAN • BUSINESS LOAN • PLOT PURCHASE LOAN
• HOME LOAN • CAR LOAN • MORTGAGE LOAN
• WORKING CAPITAL • PROJECT LOAN • INSURANCE POLICY
INDIA'S LEADING CORPORATE DSA & FASTEST GROWING LOAN DISTRIBUTION COMPANY
SPECIAL OFFERS & PRODUCTS
Saving Accounts - Zero Balance Maintain
1) Axis Amaze Saving Account (Zero Balance Maintain)
2) Kotak Amaze Saving Account (Zero Balance Maintain)
3) IndusInd Amaze Saving Account (Zero Balance Maintain)
Credit Cards - Annual Fee Free
1) HDFC Credit Card - Lifetime Free
2) AU Small Finance Credit Card - Lifetime Free
3) Axis Bank Credit Card - Attractive Rewards & Benefits
Loan & Finance
Used Car Finance - Easy EMI & Quick Approval
OD/CC/DOD
BALANCE TRANSFER
PRIVACY POLICY
LIC HFL
90097-78122
Ramesh Thakur
Director
info.aadrika73@gmail.com https://parkersconsultings.com
FALAK TOWER, BLOCK 4/11, 2ND FLOOR PRIYADARSHANI, PARISAR (EAST), SUPELA, BHILAI.

डोर हाऊस
एल्युमीनियम वर्क
पीवीसी डोर, मेमरन, लेमिनेशन, माइका डोर्स, सागौन और पाइन डोर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी वाजिब दाम सेवा के लिए सदैव तत्पर
हितेश बोरकर, मो. - 9753267063, 8319229512
नेहरू भवन रोड, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)

फायरमेन स्टेशन ऑफिसर (उप निरीक्षक) वाहन चालक कम ऑपरेटर
फायरमैन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण भर्ती हेतु
सत्र : 2025-26
प्रशिक्षण हेतु संपर्क करें 7697212782
AVAILABLE COURSES
- Fire Technology & Industrial Safety.
- Industrial Safety Management.
- Health Sanitary Inspector.
- Sub Fair Officer.
- PG in Fire Technology & Industrial Safety.
- Certificate in Fireman.
- (ADIS) ADVANCE DIPLOMA in Industrial safety.
- (PDIS) POST DIPLOMA in Industrial Safety.
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पास छात्र एवं छात्राओं के लिए
कैंपस : इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़